Print / Download

## परीक्षार्थी के लिए आवश्यक अनुदेश

इन्हें सावधानी से पढ़ें और इनका अनुपालन करें, अन्यथा दंड के भागी होंगे।

1. इस उत्तर पुस्तिका में (40) क्रमांकित पृष्ठ हैं। इनका सत्यापन कर लें। त्रुटि/कमी होने पर उत्तर पुस्तिका बदलवा लें।
2. प्रवेश पत्र से मिलान कर, केवल इस आवरण पृष्ठ पर विहित स्थान पर अपना नाम एवं अनुक्रमांक (Enrollment Number) अंतर्राष्ट्रीय अंकों तथा अक्षरों में लिखें।
3. अनुक्रमांक के सभी 'अंक' अलग-अलग बॉक्स में लिखें। 'शब्दों में' प्रत्येक अंक ठीक उसके नीचे, लम्बे बॉक्स में, [ए क / O N E] अक्षरवार लिखें।
4. उत्तर पुस्तिका के अंदर किसी पृष्ठ पर प्रश्नोत्तर के अलावा अपना नाम, अनुक्रमांक, अन्य कोई (धार्मिक) शब्द या पहचान चिह्न एवं परीक्षक को प्रत्यक्ष/अप्रत्यक्ष रूप से कोई भी प्रार्थना/धमकी भरी बातें न लिखें, अन्यथा उत्तर पुस्तिका रद्द कर दी जाएगी।
5. प्रश्नों के उत्तर ठीक उसके नीचे दिए गए निर्धारित स्थान पर ही लिखें। निर्धारित स्थान के अलावा किसी अन्य स्थान पर लिखे गए उत्तर का मूल्यांकन नहीं किया जाएगा। परीक्षार्थी जिस प्रश्नोत्तर को लिखना चाहते हों, उसके सामने बने बॉक्स के अंदर Tick ☑ का निशान लगाएँ। उदाहरण—1.(a) ☐ or 1.(b) ☐
6. यदि आप किसी प्रश्नोत्तर को रद्द करना चाहें, तो आर-पार क्रॉस (×) कर काट दें और उस पर 'रद्द' लिखें।
7. उपस्थिति पत्र पर प्रत्येक परीक्षा के लिए वही हस्ताक्षर करें, जो उपस्थिति पत्र पर आपने पूर्व में किया है। अन्यथा, उत्तर पुस्तिका रद्द कर दी जाएगी।
8. प्रश्नों के उत्तर एक ही स्याही से लिखें। यदि स्याही बदलनी ही पड़े, तो इस आशय का वीक्षक (Invigilator) से आवरण पृष्ठ पर नियत स्थान पर ▣ अभिप्रमाणन अवश्य ही कराएँ।
9. उपस्थिति सूची में अपने नाम के समक्ष उत्तर पुस्तिका की संख्या अवश्य लिखें और हस्ताक्षर करें, अन्यथा उत्तर पुस्तिका रद्द कर दी जाएगी।
10. परीक्षा कक्ष में यदि कोई पुस्तक/उत्तर सामग्री आपसे बरामद होगी या नकल करते/कराते बात-चीत करते/दुर्व्यवहार करते पाए जाने की स्थिति में इस परीक्षा सहित आगामी पाँच वर्षों के लिए तथा परीक्षा से संबंधित भ्रामक एवं सनसनीखेज अफवाह फैलाने की स्थिति में तीन वर्षों के लिए आयोग की परीक्षाओं से वंचित किया जाएगा। साथ ही बिहार परीक्षा संचालन अधिनियम, 1985 के उपबंधों के अधीन भी दंडित किए जाएँगे।
11. कोई अतिरिक्त उत्तर पुस्तिका नहीं दी जाएगी।
12. उत्तर पुस्तिका सौंपने के उपरांत ही परीक्षा कक्ष से बाहर निकलें।
13. केन्द्राधीक्षक के निर्देशों का पालन करना अनिवार्य है।

504

**EXAM.—20/FI/CC/M-2023-38**

विषय : निबंध
SUB : ESSAY

उत्तर का माध्यम : हिन्दी अंग्रेजी उर्दू
Answer Medium : Hindi English Urdu
● ○ ○

Subject Barcode :

तिथि/Date 06/01/2024

| प्रश्न संख्या Q. No. | प्राप्तांक/Marks Obtained (परीक्षक भरेंगे) |
|---|---|
| | |

कुल (अंकों में)
TOTAL (in figures)
कुल (शब्दों में)
TOTAL (in words)

परीक्षक EXAMINER — प्रधान परीक्षक HEAD EXAMINER

विषय : निबंध
SUB : ESSAY
EXAM.—20/FI/CC/M-2023-38

23826965

Only for Office

इस हाशिए में उम्मीदवार कुछ न लिखें
Candidates should not write in this margin

[ Full Marks : 300

about 700 to 800 words : 100
शब्दों में एक निबंध लिखिए :

'ing the mysteries of the
क हैं
'al economy of the nation
क बना सकते हैं
t and corruption
कारण है
onized human awareness
नोलॉजी के प्रति जागरूकता में
के ग्रामीण
करते हैं
"
प्रत्यक्ष अथवा
ओं में संलग्न हैं।
षि आधारित
: दें
pace

Sudha Raj, Rank 143 (69th BPSC) Essay

Examdhara® BPSC | BSSC | BPSSC | CSBC

पर न लिखें

WRITE ON THIS PAGE

Sudha Raj, Rank 143 (69th BPSC) Essay

Examdhara
BPSC | BSSC | BPSSC | CSBC

For More Study Material Please Visit www.examdhara.com

प्रश्नों के सामने बने सही बॉक्स में Tick ☑ का निशान लगाएँ। Mark Tick ☑ in the appropriate box in front of Question No.

इस हाशिए में उम्मीदवार कुछ न लिखें
Candidates should not write in this margin

# ESSAY

Time : 3 Hours ] [ Full Marks : 300

## Section—I

## खण्ड—I

Write an essay on any **one** of the following topics in about 700 to 800 words : 100

निम्नलिखित विषयों में से किसी एक पर लगभग 700 से 800 शब्दों में एक निबंध लिखिए :

1. ☐ Science and technology are helpful in understanding the mysteries of the universe

विज्ञान और प्रौद्योगिकी ब्रह्मांड के रहस्यों को जानने में सहायक हैं

2. ☑ Improving the agricultural system can support the rural economy of the nation

कृषि व्यवस्था में सुधार कर देश के ग्रामीण अर्थतंत्र को सशक्त बना सकते हैं

3. ☐ Black money economy is the main cause of crime and corruption

काले धन की अर्थव्यवस्था अपराध और भ्रष्टाचार का प्रमुख कारण है

4. ☐ The modern communication revolution has revolutionized human awareness of means of communication and technology

आधुनिक संचार क्रांति ने मानव के संचार के साधनों और टेक्नोलॉजी के प्रति जागरूकता में क्रांतिकारी रूप से वृद्धि की है

कृषि व्यवस्था में सुधार कर देश के ग्रामीण अर्थतंत्र को सशक्त बना सकते हैं

"भारत गाँवों का देश है।"

भारत में लगभग 80% आबादी प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूप में कृषि कार्यों में संलग्न है। भारत के निर्यात मदों में कृषि आधारित

अप्रयुक्त स्थान को क्रॉस (×) कर दें
Please Cross (×) unused space

Sudha Raj, Rank 143 (69th BPSC) Essay

Examdhara®
BPSC | BSSC | BPSSC | CSBC

For More Study Material Please Visit www.examdhara.com

प्रश्नों के सामने बने सही बॉक्स में Tick ☑ का निशान लगाएँ। Mark Tick ☑ in the appropriate box in front of Question No.



इस हाशिए में उम्मीदवार कुछ न लिखें Candidates should not write in this margin

उत्पादों की अधिकता भारत की कृषि का सुदृढ़ीकरण कर के ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करने का अवसर प्रदान कर रही है। कृषि व्यवस्था में सुधार युवा शक्ति को मजबूती प्रदान करने के साथ- साथ उद्योग क्षेत्रक को भी सहयोग करेगा।

PLFS के 2022-23 के आंकड़ों के अनुसार भारत में ग्रामीण बेरोजगारी 5.4% है। जिसके निराकरण में कृषि क्षेत्रक उपयोगी सिद्ध हो सकता है। भारत में अधिकांश कृषि निर्वाह प्रकृति की है, जिसके कारण खाद्यान्न फसलों के उत्पादन पर अधिक जोर दिया जाता है। कृषि के इस स्वरूप में परिवर्तन की आवश्यकता है।

भारतीय कृषि स्वरूप में सिंचाई, फसल विविधिकरण, जोतों का आकार, यंत्रीकरण को बढ़ावा दिये जाने की आवश्यकता है। ज्ञात हो कि भारत के अधिकांश क्षेत्रों में बाढ़ सिंचाई का प्रचलन है। जिसमें सिंचाई

अप्रयुक्त स्थान को क्रॉस (×) कर दें
Please Cross (×) unused space

Sudha Raj, Rank 143 (69th BPSC) Essay

Examdhara®
BPSC | BSSC | BPSSC | CSBC
For More Study Material Please Visit www.examdhara.com

प्रश्नों के सामने बने सही बॉक्स में Tick ☑ का निशान लगाएँ। Mark Tick ☑ in the appropriate box in front of Question No.

इस हाशिए में उम्मीदवार कुछ न लिखें Candidates should not write in this margin

हेतु प्रयोग में आने वाले जल का 70% भौम जल का होता है। भारत के उत्तर-पश्चिमी राज्यों यथा पंजाब, हरियाणा, राजस्थान में 65% नलकूप सूख चुके हैं; सिंचाई की इस बाढ़ तकनीक को टपकन व स्प्रिंकलर सिंचाई से स्थानांतरित करने की आवश्यकता है।

भारत में जोतों का आकार अत्यंत छोटा है, जिसका मूल कारण पारिवारिक आधार पर भूमि का विभाजन है। ज्ञात हो कि बिहार में औसत जोत 0.39 हेक्टेयर है। छोटे जोत के कारण लागत में वृद्धि, यंत्रीकरण का पूर्ण उपयोग नहीं हो पाने जैसी समस्याएँ देखी जाती हैं। इस हेतु चकबंदी कानून के उचित क्रियान्वयन करने की आवश्यकता है।

कृषि को उद्योग का रूप देने हेतु कृषि यंत्रीकरण पर जोर दिया जाना आवश्यक है। कृषि यंत्रीकरण से मूल आशय कृषि कार्यों में पारंपरिक ~~उप~~ उपकरणों

अप्रयुक्त स्थान को क्रॉस (×) कर दें
Please Cross (×) unused space

Sudha Raj, Rank 143 (69th BPSC) Essay
Examdhara BPSC | BSSC | BPSSC | CSBC
For More Study Material Please Visit www.examdhara.com

प्रश्नों के सामने बने सही बॉक्स में Tick ☑ का निशान लगाएँ। Mark Tick ☑ in the appropriate box in front of Question No.

इस हाशिए में उम्मीदवार कुछ न लिखें Candidates should not write in this margin

के स्थान पर मशीनों के प्रयोग से है। भारत में वर्तमान समय में कृषि यंत्रीकरण का प्रतिशत मात्र 40% है, जो अमेरिका में 96% तथा चीन में 88% है। कृषि लागत में कमी व उत्पाद में वृद्धि हेतु यंत्रीकरण नितांत आवश्यक हो गया है।

यद्यपि भारत में कृषि क्षेत्र में सुधार हेतु निरंतर प्रयास किये गए हैं। जिसमें वर्ष 1966-67 का हरित क्रांति प्रमुख है। हरित क्रांति के कारण देश खाद्य सुरक्षा को प्राप्त चुका है। वर्तमान आवश्यकता है कृषि के आधार पर प्रत्येक ग्राम को सशक्त बनाने व निर्यात हब बनाने की।

भारत सरकार द्वारा कृषि में कृषि कार्यों के अतिरिक्त पशुपालन व मत्स्यपालन को शामिल करना एक सराहनीय कदम है, जो भारतीय ग्रामीण व्यवस्था में रोजगार के साधन का सृजन करने में सहायक है।

अप्रयुक्त स्थान को क्रॉस (×) कर दें
Please Cross (×) unused space

Sudha Raj, Rank 143 (69th BPSC) Essay

Examdhara® BPSC | BSSC | BPSSC | CSBC

For More Study Material Please Visit www.examdhara.com

प्रश्नों के सामने बने सही बॉक्स में Tick ☑ का निशान लगाएं। Mark Tick ☑ in the appropriate box in front of Question No.



इस हाशिए में उम्मीदवार कुछ न लिखें
Candidates should not write in this margin

ज्ञात हो कि गाँवों में तालाब की पर्याप्त संख्या मत्स्य पालन को बढ़ावा देने में सहायक है। मत्स्य क्षेत्रक का भारत की GDP में 1% योगदान इसकी महत्ता का परिचायक है।

पशुपालन को आधार बना कर गाँवों में दुग्ध उत्पादन, दुग्ध उत्पाद के निर्माण को बढ़ावा दिया जा सकता है। भारत में वर्तमान समय में दुग्ध आधारित सहकारी समितियों का विकास आर्थिक कार्यों को गति प्रदान कर रहा है। बिहार आर्थिक सर्वेक्षण 2022-23 के अनुसार बिहार में 483 दुग्ध सहकारी समितियाँ चलायमान हैं। यह क्षेत्रक गाँवों में श्वेत क्रांति की निरंतरता में सहायक है।

भारत में खाद्य आहार में सुधार तथा कृषि उत्पादों में रसायनों के प्रयोग को कम करने के लिए जैविक कृषि का प्रचलन किया जा रहा है। जो मानव स्वास्थ्य के साथ-साथ पर्यावरण तथा सतत विकास में सहयोगी है। भारत

अप्रयुक्त स्थान को क्रॉस (×) कर दें
Please Cross (×) unused space

Sudha Raj, Rank 143 (69th BPSC) Essay

Examdhara® BPSC | BSSC | BPSSC | CSBC

For More Study Material Please Visit www.examdhara.com

प्रश्नों के सामने बने सही बॉक्स में Tick ☑ का निशान लगाएँ। Mark Tick ☑ in the appropriate box in front of Question No.



इस हाशिए में उम्मीदवार कुछ न लिखें Candidates should not write in this margin

के पहले जैविक राज्य सिक्किम ने संपूर्ण देश में एक सकारात्मक संदेश दिया है, जो बाह्य व्यवहार को सुधारने के साथ-साथ उद्योग को विस्तार देने में भी सहायक है।

बिहार का पहला जैविक ग्राम केडिया (जमुई) राज्य में युवाओं को जैविक कृषि हेतु प्रोत्साहित कर रहा है। बिहार बजट 2023-24 में राज्य सरकार द्वारा जैविक कृषि को प्रोत्साहन देने हेतु 92000 हेक्टेयर भूमि पर जैविक कृषि का लक्ष्य रखा गया है।

कृषि उत्पादकता को बढ़ावा देने हेतु नीम कोटेड यूरिया तथा नैनो उर्वरक का प्रचार भारत सरकार द्वारा किया जा रहा है, जिससे कृषि उत्पाद में रसायन को कम किया जा सके तथा मृदा उर्वरता बनाए रखा जा सके। नैनो उर्वरक संयंत्रों की स्थापना भी युवाओं को ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार सृजन का साधन बनेगी।

अप्रयुक्त स्थान को क्रॉस (×) कर दें
Please Cross (×) unused space

Sudha Raj, Rank 143 (69th BPSC) Essay
Examdhara BPSC | BSSC | BPSSC | CSBC
For More Study Material Please Visit www.examdhara.com

प्रश्नों के सामने बने सही बॉक्स में Tick ☑ का निशान लगाएँ। Mark Tick ☑ in the appropriate box in front of Question No.

इस हाशिए में उम्मीदवार कुछ न लिखें Candidates should not write in this margin

भारत सरकार द्वारा कृषि उत्पादों की आधार बना कर ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर के सुदृढ़ीकरण पर जोर दिया जा रहा है। कृषि उत्पाद के आधार पर खाद्य प्रसंस्करण उद्योग तथा मेगा फूड पार्कों की स्थापना की जा रही है।

कृषि को निर्यातोन्मुखी बनाने हेतु सिंचाई, मृदा उर्वरता, यंत्रीकरण आदि को मजबूत किया जा रहा है, जिससे कृषि की उत्पादकता में वृद्धि हो सके। सिंचाई में सुधार हेतु भारत सरकार द्वारा इजराइल के साथ तकनीक आधारित समझौता किया गया है। साथ ही टपकन सिंचाई व स्प्रिंकलर सिंचाई के प्रोत्साहन हेतु पीएम कुसुम योजना का संचालन किया जा रहा है।

बिहार में बजट के 10 सूत्र में छठा सूत्र के रूप में "कृषि एवं ग्रामीण अर्थव्यवस्था का सुदृढ़ीकरण" को शामिल किया गया है। साथ ही कृषि रोड मैप-4 के द्वारा ग्रामीण कृषि में दलहन, तिलहन के साथ-साथ

अप्रयुक्त स्थान को क्रॉस (×) कर दें
Please Cross (×) unused space

Sudha Raj, Rank 143 (69th BPSC) Essay

Examdhara
BPSC | BSSC | BPSSC | CSBC

For More Study Material Please Visit www.examdhara.com

प्रश्नों के सामने बने सही बॉक्स में Tick ☑ का निशान लगाएँ। Mark Tick ☑ in the appropriate box in front of Question No.

इस हाशिए में उम्मीदवार कुछ न लिखें Candidates should not write in this margin

अन्य नकदी फसलों के उत्पादन पर जोर दिया जा रहा है। बिहार में 13000 हेक्टेयर क्षेत्र में टपकन व सिंचाई विधि के प्रयोग का लक्ष्य कृषि व्यवस्था में सुधार करने में सहायक होगा।

भारत सरकार द्वारा संचालित "एक जिला - एक उत्पाद", अमृत सरोवर, मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना, कृषकों का नियमित प्रशिक्षण तथा बिहार सरकार द्वारा घोषित चौपाल ऐप व 25000 हेक्टेयर पर बागवानी मिशन आदि कृषि उत्पादों की अधिकता में वृद्धि करने में सहायक होगा।

स्पष्ट है कि कृषि आधारित सुदृढ़ भारतीय ग्रामीण अर्थव्यवस्था विजन इंडिया@2047 के लक्ष्यों की प्राप्त करने, रोजगार सृजन, खाद्य सुरक्षा, गरीबी निवारण के साथ-साथ वर्ष 2047 तक भारत को $30 ट्रिलियन की अर्थव्यवस्था बनने तथा वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में नेतृत्वकर्ता बनने में सहायक होगा।

अप्रयुक्त स्थान को क्रॉस (×) कर दें
Please Cross (×) unused space

Sudha Raj, Rank 143 (69th BPSC) Essay

Examdhara BPSC | BSSC | BPSSC | CSBC

प्रश्नों के सामने बने सही बॉक्स में Tick ☑ का निशान लगाएँ। Mark Tick ☑ in the appropriate box in front of Question No.

इस हाशिए में उम्मीदवार कुछ न लिखें Candidates should not write in this margin

अप्रयुक्त स्थान को क्रॉस (×) कर दें
Please Cross (×) unused space

Sudha Raj, Rank 143 (69th BPSC) Essay

Examdhara
BPSC | BSSC | BPSSC | CSBC

For More Study Material Please Visit www.examdhara.com

प्रश्नों के सामने बने सही बॉक्स में Tick ☑ का निशान लगाएँ। Mark Tick ☑ in the appropriate box in front of Question No.

इस हाशिए में उम्मीदवार कुछ न लिखें Candidates should not write in this margin

अप्रयुक्त स्थान को क्रॉस (×) कर दें
Please Cross (×) unused space

Sudha Raj, Rank 143 (69th BPSC) Essay

Examdhara BPSC | BSSC | BPSSC | CSBC

BPSC | BSSC | BPSSC | CSBC

प्रश्नों के सामने बने सही बॉक्स में Tick ☑ का निशान लगाएँ। Mark Tick ☑ in the appropriate box in front of Question No.

इस हाशिए में उम्मीदवार कुछ न लिखें Candidates should not write in this margin

अप्रयुक्त स्थान को क्रॉस (×) कर दें
Please Cross (×) unused space

Sudha Raj, Rank 143 (69th BPSC) Essay

Examdhara BPSC | BSSC | BPSSC | CSBC

For More Study Material Please Visit www.examdhara.com

प्रश्नों के सामने बने सही बॉक्स में Tick ☑ का निशान लगाएँ। Mark Tick ☑ in the appropriate box in front of Question No.

इस हाशिए में उम्मीदवार कुछ न लिखें
Candidates should not write in this margin

अप्रयुक्त स्थान को क्रॉस (×) कर दें
Please Cross (×) unused space

Sudha Raj, Rank 143 (69th BPSC) Essay

Examdhara BPSC | BSSC | BPSSC | CSBC

For More Study Material Please Visit www.examdhara.com

प्रश्नों के सामने बने सही बॉक्स में Tick ☑ का निशान लगाएँ। Mark Tick ☑ in the appropriate box in front of Question No.

इस हाशिए में उम्मीदवार कुछ न लिखें
Candidates should not write in this margin

अप्रयुक्त स्थान को क्रॉस (×) कर दें
Please Cross (×) unused space

Examdhara BPSC | BSSC | BPSSC | CSBC

Sudha Raj, Rank 143 (69th BPSC) Essay

Examdhara®
BPSC | BSSC | BPSSC | CSBC

For More Study Material Please Visit www.examdhara.com

प्रश्नों के सामने बने सही बॉक्स में Tick ☑ का निशान लगाएँ। Mark Tick ☑ in the appropriate box in front of Question No.

इस हाशिए में उम्मीदवार कुछ न लिखें Candidates should not write in this margin

## Section—II

## खण्ड—II

Write an essay on any **one** of the following topics in about 700 to 800 words : 100

निम्नलिखित विषयों में से किसी एक पर लगभग 700 से 800 शब्दों में एक निबंध लिखिए :

5. ☑ Current status of women empowerment : In perspective of political empowerment

महिला सशक्तिकरण की वर्तमान स्थिति : राजनैतिक सशक्तिकरण के परिप्रेक्ष्य में

6. ☐ Need and importance of Yoga for spiritual progress and physical and mental development

आध्यात्मिक उन्नति तथा शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए योग की आवश्यकता और महत्त्व

7. ☐ Advantages and disadvantages of the New Education Policy, 2023

नई शिक्षा नीति, 2023 के फायदे और नुकसान

8. ☐ Impact of climate change on Indian agriculture and prevention measures

भारतीय कृषि पर जलवायु परिवर्तन का प्रभाव तथा बचाव के उपाय

महिला सशक्तिकरण की वर्तमान स्थिति : राजनीतिक सशक्तिकरण के परिप्रेक्ष्य में

" मैं किसी समाज की प्रगति का आकलन उस समाज की स्त्रियों के विकास के परिमाण के आधार पर करता हूँ।"

डा. बी. आर. अम्बेडकर

संविधान निर्माता डा. बी. आर. अम्बेडकर की उपरोक्त पंक्तियाँ किसी समाज अथवा राष्ट्र में महिला

अप्रयुक्त स्थान को क्रॉस (×) कर दें
Please Cross (×) unused space

Sudha Raj, Rank 143 (69th BPSC) Essay

Examdhara® BPSC | BSSC | BPSSC | CSBC

For More Study Material Please Visit www.examdhara.com

प्रश्नों के सामने बने सही बॉक्स में Tick ☑ का निशान लगाएँ। Mark Tick ☑ in the appropriate box in front of Question No.

इस हाशिए में उम्मीदवार कुछ न लिखें Candidates should not write in this margin

सशक्तिकरण की स्थिति का आकलन करने में उपयोगी है। सामान्यत: महिला सशक्तिकरण से आशय महिला का स्वयं के जीवन में निर्णय लेने, आर्थिक मजबूती प्राप्त करने से है। 21 वीं शताब्दी के इस दौर में मानव सभ्यता की आधी आबादी आज भी सामाजिक, आर्थिक व राजनीतिक भागीदारी का संघर्ष झेल रही हैं।

"स्त्री पैदा नहीं होती बनाई जाती हैं।"
— सीमोन डी बेऔर

स्त्रियों की सामाजिक स्थिति का निर्धारण समाज के पैमाने पर होता है, जो उनके राजनीतिक सशक्तिकरण में एक बाधा सिद्ध हुआ है। भारतीय परिप्रेक्ष्य में महिलाओं के राजनीतिक सशक्तिकरण का मूल आशय लोकतांत्रिक प्रक्रिया में निर्णय लेने व नीति निर्माण के स्तर पर महिलाओं की भागीदारी से है।

अप्रयुक्त स्थान को क्रॉस (×) कर दें
Please Cross (×) unused space

Sudha Raj, Rank 143 (69th BPSC) Essay

Examdhara BPSC | BSSC | BPSSC | CSBC

For More Study Material Please Visit www.examdhara.com

प्रश्नों के सामने बने सही बॉक्स में Tick ☑ का निशान लगाएँ। Mark Tick ☑ in the appropriate box in front of Question No.



इस हाशिए में उम्मीदवार कुछ न लिखें Candidates should not write in this margin

राजनीतिक भागीदारी का स्तर भारत में संसद, राज्य विधायिकाओं तथा स्थानीय स्वशासन के आधार पर बँटा हुआ है, जिसमें महिलाओं की वर्तमान स्थिति चिंताजनक है। भारतीय संसद में महिला सांसदों का प्रतिशत मात्र 15% ही है, जो कि भारत के पड़ोसी देशों पाकिस्तान, श्रीलंका, नेपाल, बांग्लादेश से भी कम है।

राज्य विधायिकाओं में भी महिला विधायकों का प्रतिशत मात्र 8% तक सीमित है। वहीं मिजोरम की राज्य विधायिका में एक भी महिला सदस्य का न होना चिंताजनक स्थिति दर्शाता है। यह महिलाओं के राजनीतिक सशक्तिकरण में बाधक है।

पंचायत व शहरी स्थानीय निकाय भारत में लोकतांत्रिक विकेन्द्रीकरण का मजबूत साधन रहे हैं, जिसमें महिला प्रतिनिधियों हेतु 1/3 सीटों का आरक्षण सशक्तिकरण को

अप्रयुक्त स्थान को क्रॉस (×) कर दें
Please Cross (×) unused space

Sudha Raj, Rank 143 (69th BPSC) Essay

Examdhara®
BPSC | BSSC | BPSSC | CSBC
For More Study Material Please Visit www.examdhara.com

प्रश्नों के सामने बने सही बॉक्स में Tick ☑ का निशान लगाएँ। Mark Tick ☑ in the appropriate box in front of Question No.

इस हाशिए में उम्मीदवार कुछ न लिखें Candidates should not write in this margin

बढ़ावा दे रहा है। यद्यपि भारतीय समाज के विकृत नवाचार मुखिया पति, पार्षद पति ने एक नकारात्मक वातावरण का सृजन किया है।

निर्णय निर्माण से इतर मतदान देने में जागरूकता का आकलन भी राजनीतिक मजबूती मापने में सहायक है। आज के डिजिटल भारत में महिलाएं भी अपना मतदाता पहचान पत्र गर्व के साथ लेकर लोकतंत्र के पर्व में हिस्सेदारी ले रही हैं। यद्यपि महिलाओं की भागीदारी को राजनीतिक दलों में कार्यकर्ता, महत्वपूर्ण पदों में भागीदारी तथा दल प्रमुख तक बढ़ाने की आवश्यकता है।

भारत में संविधान के माध्यम से लोककल्याणकारी राज्य की स्थापना का लक्ष्य घोषित है, जिसमें राजनीतिक न्याय एक प्रमुख स्तंभ है। इसकी पुष्टि भारतीय प्रस्तावना के साथ-साथ मूल अधिकारों के अनुच्छेद 14 के द्वारा भी प्राप्त है, जिसमें विधि के शासन व अनुच्छेद 15 के आधार पर लैंगिक विभेद की

अप्रयुक्त स्थान को क्रॉस (×) कर दें
Please Cross (×) unused space

Sudha Raj, Rank 143 (69th BPSC) Essay

Examdhara® BPSC | BSSC | BPSSC | CSBC

For More Study Material Please Visit www.examdhara.com

मनाही है। इसके अतिरिक्त संविधान का अनुच्छेद 326 वयस्क मताधिकार का प्रावधान करता है जो बिना किसी लैंगिक भेद-भाव के प्रत्येक नागरिक को प्राप्त है।

यद्यपि भारत के वर्तमान राजनीतिक परिदृश्यों का आकलन करें तो भारत में राष्ट्रपति के रूप में वर्तमान समय में महिला का पद स्थापित होना तथा मंत्रिपरिषद में महत्वपूर्ण मंत्री पदों यथा वित्त मंत्री, स्वास्थ्य परिवार एवं बाल कल्याण मंत्री के रूप में महिला सांसदों का चयन भारत के उभरते राजनीतिक स्वरूप का परिचायक है।

भारत के नये संसद भवन में पहला विधेयक नारी-उत्थान से संबंधित पेश करना तथा उसे अधिनियम का रूप देना भारत की प्रगतिशीलता का द्योतक है। इस "नारी शक्ति वंदन अधिनियम, 2023" के माध्यम से लोकसभा, राज्य विधानसभा तथा दिल्ली के



Sudha Raj, Rank 143 (69th BPSC) Essay

Examdhara®
BPSC | BSSC | BPSSC | CSBC

For More Study Material Please Visit www.examdhara.com

प्रश्नों के सामने बने सही बॉक्स में Tick ☑ का निशान लगाएँ। Mark Tick ☑ in the appropriate box in front of Question No.

इस हाशिए में उम्मीदवार कुछ न लिखें Candidates should not write in this margin

विधानसभा में महिलाओं हेतु 33% सीटों के आरक्षण का प्रावधान किया गया है। इसे संविधान में 330 A अनुच्छेद के द्वारा लोकसभा, अनुच्छेद 332 'A' के द्वारा विधानसभाओं तथा अनुच्छेद 239 A'A' के द्वारा दिल्ली विधानसभा में महिला आरक्षण को शामिल किया गया है।

"नारी अस्य समाजस्य:
कुशल वास्तुकारा: अस्ति।"

'वैश्विक लैंगिक अंतराल सूचकांक, 2023' के अनुसार भारत में लैंगिक भागीदारी 25% तक बढ़ गई है, जो सकारात्मक संकेत है। राजनीति में महिलाओं के शामिल होने से महिला संबंधी मुद्दों का समाधान, अपराध दर्ज में वृद्धि तथा योजनाओं के क्रियान्वयन में आसानी होती है।

स्थानीय स्वशासन में महिला प्रतिनिधि की संख्या में वृद्धि से ग्रामीण स्तर पर महिलाओं की समस्या का निराकरण होता है। इससे नीति निर्माण में बॉटम अप अप्रोच



Sudha Raj, Rank 143 (69th BPSC) Essay
Examdhara® BPSC | BSSC | BPSSC | CSBC
For More Study Material Please Visit www.examdhara.com

प्रश्नों के सामने बने सही बॉक्स में Tick ☑ का निशान लगाएँ। Mark Tick ☑ in the appropriate box in front of Question No.

इस हाशिए में उम्मीदवार कुछ न लिखें Candidates should not write in this margin

का समावेश होता है। बिहार में "पंचायती राज अधिनियम, 2006" के द्वारा स्थानीय निकायों में महिलाओं की 50% आरक्षण नीति व योजनाओं के कुशल क्रियान्वयन तथा स्वयं सहायता समूहों में महिलाओं का प्रतिशत वृद्धि में सहायक रहा है।

बिहार में वर्तमान समय में 10.45 लाख स्वयं सहायता समूह संचालित हैं, जिसमें 88% महिला सदस्य हैं। 'वैश्विक लैंगिक अंतराल सूचकांक, 2023' के अनुसार भारत में स्थानीय निकायों में महिला भागीदारी 44.4% हो गई है, जो सकारात्मक संदेश है।

स्पष्ट है कि भारत में महिलाओं के राजनीतिक सशक्तिकरण के मजबूत प्रयास किये जा रहे हैं, जो उनके सामाजिक व आर्थिक उत्थान में भी सहायक हैं। वस्तुतः भारत की महिलाओं का सशक्तिकरण भारतीय पुरुषों की आधुनिकता की स्वीकार्यता व उनकी प्रगतिशील सोच का परिचायक है।

अप्रयुक्त स्थान को क्रॉस (×) कर दें
Please Cross (×) unused space

Sudha Raj, Rank 143 (69th BPSC) Essay

Examdhara® BPSC | BSSC | BPSSC | CSBC

For More Study Material Please Visit www.examdhara.com

अप्रयुक्त स्थान को क्रॉस (×) कर दें
Please Cross (×) unused space

Examdhara BPSC | BSSC | BPSSC | CSBC

Sudha Raj, Rank 143 (69th BPSC) Essay

Examdhara
BPSC | BSSC | BPSSC | CSBC

For More Study Material Please Visit www.examdhara.com

प्रश्नों के सामने बने सही बॉक्स में Tick ☑ का निशान लगाएँ। Mark Tick ☑ in the appropriate box in front of Question No.

इस हाशिए में उम्मीदवार कुछ न लिखें Candidates should not write in this margin

अप्रयुक्त स्थान को क्रॉस (×) कर दें
Please Cross (×) unused space

Examdhara® BPSC | BSSC | BPSSC | CSBC

Sudha Raj, Rank 143 (69th BPSC) Essay

Examdhara® BPSC | BSSC | BPSSC | CSBC

For More Study Material Please Visit www.examdhara.com

प्रश्नों के सामने बने सही बॉक्स में Tick ☑ का निशान लगाएँ। Mark Tick ☑ in the appropriate box in front of Question No.

इस हाशिए में उम्मीदवार कुछ न लिखें
Candidates should not write in this margin

अप्रयुक्त स्थान को क्रॉस (×) कर दें
Please Cross (×) unused space

Examdhara BPSC | BSSC | BPSSC | CSBC

Sudha Raj, Rank 143 (69th BPSC) Essay

For More Study Material Please Visit www.examdhara.com

प्रश्नों के सामने बने सही बॉक्स में Tick ☑ का निशान लगाएँ। Mark Tick ☑ in the appropriate box in front of Question No.

इस हाशिए में उम्मीदवार कुछ न लिखें Candidates should not write in this margin

अप्रयुक्त स्थान को क्रॉस (×) कर दें
Please Cross (×) unused space

Examdhara® BPSC | BSSC | BPSSC | CSBC

Sudha Raj, Rank 143 (69th BPSC) Essay

Examdhara® BPSC | BSSC | BPSSC | CSBC

For More Study Material Please Visit www.examdhara.com

प्रश्नों के सामने बने सही बॉक्स में Tick ☑ का निशान लगाएँ। Mark Tick ☑ in the appropriate box in front of Question No.

इस हाशिए में उम्मीदवार कुछ न लिखें
Candidates should not write in this margin

## Section—III
## खण्ड—III

Write an essay on any **one** of the following topics in about 700 to 800 words : 100
निम्नलिखित विषयों में से किसी एक पर लगभग 700 से 800 शब्दों में एक निबंध लिखिए :

9. ☐ Bin samaj ke boli ho sakela ka, bin boli (Bhasha) samaj ho sakela ka!
बिन समाज के बोली हो सकेला का, बिन बोली (भाषा) समाज हो सकेला का!

10. ☐ Dhobiyak kukur nen ghar ke ne ghat ke
धोबियक कुकुर नें घर के ने घाट के

11. ☑ Agu nath nai pachhu pagaha, bina chhan ke kude gadha
आगु नाथ नै पाछू पगहा, बिना छान के कूदे गधा

12. ☐ Aner dhuner ke Ram rakhavar
अनेर धुनेर के राम रखवार

आगु नाथ नै पाछू पगहा, बिना छान के कूदे गदहा

निबंध का उपर्युक्त शीर्षक बिहार के मिथिलांचल क्षेत्र में प्रचलित लोकोक्ति है। यहाँ 'नाथ' शब्द का अर्थ मालिक अथवा स्वामी तथा 'पगहा' व 'छान' शब्द का अर्थ नियंत्रण से है। इसका अर्थ है कि स्वामी की अनुपस्थिति में गदहा अनियंत्रित हो जाता है तथा इधर-उधर उछल-कूद कर वस्तुओं को नष्ट कर देता है।

अप्रयुक्त स्थान को क्रॉस (×) कर दें
Please Cross (×) unused space

Sudha Raj, Rank 143 (69th BPSC) Essay

Examdhara BPSC | BSSC | BPSSC | CSBC
For More Study Material Please Visit www.examdhara.com

प्रश्नों के सामने बने सही बॉक्स में Tick ☑ का निशान लगाएँ। Mark Tick ☑ in the appropriate box in front of Question No.

इस हाशिए में उम्मीदवार कुछ न लिखें Candidates should not write in this margin

यह लोकोक्ति किसी भी समाज की कानून विहीन स्थिति का आकलन करने हेतु उपयुक्त है। उदाहरणस्वरूप आदिम काल में जब मानव सभ्यता का विकास नहीं हुआ था तब एक मानव को दूसरे मानव से भय था। शक्तिशाली व बलिष्ठ मानव किसी कमजोर मानव की हत्या अथवा नुकसान खाद्य पदार्थों हेतु अथवा आवास के लिए बिना रोक-टोक के करता था क्योंकि उस समय कोई स्वीकार्य नियम नहीं था।

आचार्य चाणक्य अपनी कृति अर्थशास्त्र में इसी अराजक स्थिति को 'मत्स्य न्याय' की संज्ञा देते हैं। जहाँ बड़ी मछली छोटी मछली को निगल जाती है। अर्थात बलवान व्यक्ति कमजोर को नुकसान पहुँचाता है। इस स्थिति में राज्य का सृजन किया गया तथा नियमों का निर्माण हुआ। जिसमें स्वयं पर शासन करने हेतु राजा का चयन किया गया। 'आगे नाथ व पीछे पगहा' यहाँ राज्य के

अप्रयुक्त स्थान को क्रॉस (×) कर दें
Please Cross (×) unused space

Sudha Raj, Rank 143 (69th BPSC) Essay

Examdhara
BPSC | BSSC | BPSSC | CSBC
For More Study Material Please Visit www.examdhara.com

प्रश्नों के सामने बने सही बॉक्स में Tick ☑ का निशान लगाएँ। Mark Tick ☑ in the appropriate box in front of Question No.



इस हाशिए में उम्मीदवार कुछ न लिखें Candidates should not write in this margin

अस्तित्व को इंगित करता है, जो स्वयं मनुष्यों द्वारा बनाए गए।

"बुरे से बुरा राज्य भी अच्छे से अच्छे अराजक स्थिति से बेहतर होता है।"

प्रस्तुत लोकोक्ति में वर्णित पशु का अर्थ मानव जीवन से लिया जाए तब यह ज्ञात होगा कि मानव के उत्थान हेतु तथा संसाधनों के समान वितरण हेतु एक नियामक अर्थात् नाथ की आवश्यकता होती है। जे.एस. मिल के 'स्वतंत्रता के सिद्धांत' का यदि आकलन किया जाए तो यह ज्ञात है कि मनुष्यों की सभा ने स्वयं की रक्षा करने हेतु उत्तम शासन की स्थापना हेतु राज्य को अपने अधिकार सौंपे थे।

निबंध का शीर्षक इसी बात का परिचायक है कि कार्यों के बेहतर संचालन हेतु नियामक की आवश्यकता होती है। उदाहरण के रूप में "सड़क ट्रैफिक पुलिस की अनुपस्थिति में अधिकांश व्यक्ति ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन कर देते हैं"। अर्थात् मनुष्यों का

अप्रयुक्त स्थान को क्रॉस (×) कर दें
Please Cross (×) unused space

Sudha Raj, Rank 143 (69th BPSC) Essay
Examdhara® BPSC | BSSC | BPSSC | CSBC
For More Study Material Please Visit www.examdhara.com

प्रश्नों के सामने बने सही बॉक्स में Tick ☑ का निशान लगाएँ। Mark Tick ☑ in the appropriate box in front of Question No.



इस हाशिए में उम्मीदवार कुछ न लिखें
Candidates should not write in this margin

अपना नागरिकों का व्यवहार राज्य के प्रतीक ट्रैफिक पुलिस को देखकर स्वयं ही अनुचित हो जाता है। यह छोटी सी घटना "आगे नाथ व पीछे पगहा" रखने की अनिवार्यता को दर्शाता है।

किसी राष्ट्र के उत्थान में सभी वर्गों की हिस्सेदारी को बनाए रखना तथा समावेशी विकास को बढ़ावा देना स्वयं राज्य की जिम्मेवारी है, जो वह संविधान तथा कानूनों के माध्यम से करता है। भारतीय राजनीतिक व्यवस्था में संविधान एक ओर नागरिकों को मूल अधिकार को सौंपता है; साथ ही मूल कर्तव्यों की भी बात करता है, जिससे लोक व्यवस्था सुचारु रूप से चले। ~~संस~~

संसद की उपस्थिति के द्वारा संविधान मूल कर्तव्यों के उल्लंघन पर दण्ड आरोपित करने की भी व्यवस्था करता है जो

अप्रयुक्त स्थान को क्रॉस (×) कर दें
Please Cross (×) unused space

Sudha Raj, Rank 143 (69th BPSC) Essay

Examdhara®
BPSC | BSSC | BPSSC | CSBC
For More Study Material Please Visit www.examdhara.com

प्रश्नों के सामने बने सही बॉक्स में Tick ☑ का निशान लगाएँ। Mark Tick ☑ in the appropriate box in front of Question No.

इस हाशिए में उम्मीदवार कुछ न लिखें Candidates should not write in this margin

नागरिकों के नाथ के रूप में इंगित होता है। स्पष्ट है कि किसी राष्ट्र अथवा वर्ग के उत्थान हेतु किसी नियामकीय संस्था की उपस्थिति अनिवार्य होती है।

यद्यपि संबंधित लोकोक्ति में पशु की स्थिति पर विचार करें तथा उसके लिए स्वामी की अनिवार्यता समाप्त करें तो परिदृश्य एक नवीन आयाम ले सकता है। स्व नियामक अथवा राज्य की अनुपस्थिति के सिद्धांत को महात्मा गाँधी के राम-राज्य अथवा अराजकतावादी सिद्धांत से जोड़ कर देखा जा सकता है।

महात्मा गाँधी ने अपने आदर्श राज्य में शासक की भूमिका को नगण्य माना है। उस आदर्श स्थिति में मानव स्व नियामक होगा तथा वह नैतिकता की चरम स्थिति होगी जहाँ पुलिस राज्य की आवश्यकता नहीं होगी। लोकोक्ति के अंश में कहें तो "बिना नाथ के भी गधा उत्पात नहीं मचाएगा"।

अप्रयुक्त स्थान को क्रॉस (×) कर दें
Please Cross (×) unused space

Sudha Raj, Rank 143 (69th BPSC) Essay

Examdhara BPSC | BSSC | BPSSC | CSBC

For More Study Material Please Visit www.examdhara.com

प्रश्नों के सामने बने सही बॉक्स में Tick ☑ का निशान लगाएँ। Mark Tick ☑ in the appropriate box in front of Question No.



इस हाशिए में उम्मीदवार कुछ न लिखें
Candidates should not write in this margin

महात्मा गाँधी के राम-राज्य के समतुल्य ही "कार्ल मार्क्स का साम्यवादी सिद्धांत" आता है। जहाँ मार्क्स राज्य के अस्तित्व को नकारते है। उनके अनुसार ऐसी चरम स्थिति उत्पन्न होगी जहाँ प्रकृति द्वारा प्रदत्त संसाधनो अर्थात् उत्पादन के साधनो पर सभी का स्वामित्व होगा। नैतिकता की वह चरम स्थिति आएगी जहाँ मनुष्य "क्षमतानुसार कार्य करेगा तथा आवश्यकतानुसार वेतन लेगा"। अर्थात् मार्क्स के साम्यवाद की स्थिति में गधा (मानव) को पगहा (नियंत्रक) की आवश्यकता नहीं होगी।

मानव इतिहास गवाह है कि न तो महात्मा गाँधी का राम-राज्य ही आ पाया और न ही कार्ल मार्क्स का साम्यवाद। इन दोनों आदर्श राज्यों की असफलता का मूल कारण मनुष्य का नैतिक पतन तथा स्वार्थ की प्रवृति रही। अपने स्वार्थ की पूर्ति

अप्रयुक्त स्थान को क्रॉस (×) कर दें
Please Cross (×) unused space

Sudha Raj, Rank 143 (69th BPSC) Essay

Examdhara
BPSC | BSSC | BPSSC | CSBC
For More Study Material Please Visit www.examdhara.com

प्रश्नों के सामने बने सही बॉक्स में Tick ☑ का निशान लगाएँ। Mark Tick ☑ in the appropriate box in front of Question No.

इस हाशिए में उम्मीदवार कुछ न लिखें
Candidates should not write in this margin

में मनुष्य दूसरे के अधिकारों का भी हनन करने लगा। जिसके परिणाम स्वरूप वर्ग-संघर्ष, साम्राज्यवाद, सामंतवाद जैसी विकृतियां सामने आयी।

स्पष्ट है कि बेहतर समाज निर्माण हेतु एक नियामक आवश्यक है। विश्व व्यवस्था में नियमों के स्वीकृति हेतु संयुक्त राष्ट्र, G-20, BRICS, SCO जैसे संस्थानों की उपस्थिति तथा राष्ट्र-राज्यों में आधुनिक राजनीतिक व्यवस्था में उत्तम शासन हेतु लोकतांत्रिक शासन व्यवस्था की ~~स्वीकार~~ स्वीकार्यता एक नियंत्रक की आवश्यकता का परिचायक है। यह प्रस्तुत लोकोक्ति की प्रासंगिकता को दर्शाता है जिसमें 'गधा नामक पशु हेतु नाथ व पगहा' की चर्चा है।



Sudha Raj, Rank 143 (69th BPSC) Essay
Examdhara BPSC | BSSC | BPSSC | CSBC
For More Study Material Please Visit www.examdhara.com

प्रश्नों के सामने बने सही बॉक्स में Tick ☑ का निशान लगाएँ। Mark Tick ☑ in the appropriate box in front of Question No.

इस हाशिए में उम्मीदवार कुछ न लिखें Candidates should not write in this margin

अप्रयुक्त स्थान को क्रॉस (×) कर दें
Please Cross (×) unused space

Sudha Raj, Rank 143 (69th BPSC) Essay

Examdhara BPSC | BSSC | BPSSC | CSBC

Examdhara®
BPSC | BSSC | BPSSC | CSBC

For More Study Material Please Visit www.examdhara.com

प्रश्नों के सामने बने सही बॉक्स में Tick ☑ का निशान लगाएँ।
Mark Tick ☑ in the appropriate box in front of Question No.

इस हाशिए में उम्मीदवार कुछ न लिखें
Candidates should not write in this margin

अप्रयुक्त स्थान को क्रॉस (×) कर दें
Please Cross (×) unused space

Examdhara® BPSC | BSSC | BPSSC | CSBC

Sudha Raj, Rank 143 (69th BPSC) Essay

For More Study Material Please Visit www.examdhara.com

प्रश्नों के सामने बने सही बॉक्स में Tick ☑ का निशान लगाएँ। Mark Tick ☑ in the appropriate box in front of Question No.

इस हाशिए में उम्मीदवार कुछ न लिखें Candidates should not write in this margin

अप्रयुक्त स्थान को क्रॉस (×) कर दें
Please Cross (×) unused space

Sudha Raj, Rank 143 (69th BPSC) Essay

Examdhara BPSC | BSSC | BPSSC | CSBC

For More Study Material Please Visit www.examdhara.com

प्रश्नों के सामने बने सही बॉक्स में Tick ☑ का निशान लगाएँ। Mark Tick ☑ in the appropriate box in front of Question No.

इस हाशिए में उम्मीदवार कुछ न लिखें Candidates should not write in this margin

अप्रयुक्त स्थान को क्रॉस (×) कर दें
Please Cross (×) unused space

Examdhara BPSC | BSSC | BPSSC | CSBC

Sudha Raj, Rank 143 (69th BPSC) Essay

Examdhara® BPSC | BSSC | BPSSC | CSBC

For More Study Material Please Visit www.examdhara.com

प्रश्नों के सामने बने सही बॉक्स में Tick ☑ का निशान लगाएँ। Mark Tick ☑ in the appropriate box in front of Question No.

इस हाशिए में उम्मीदवार कुछ न लिखें Candidates should not write in this margin

अप्रयुक्त स्थान को क्रॉस (×) कर दें
Please Cross (×) unused space

Sudha Raj, Rank 143 (69th BPSC) Essay

Examdhara BPSC | BSSC | BPSSC | CSBC

For More Study Material Please Visit www.examdhara.com

भारत गाँवो
का देश है।



SPACE FOR ROUGH WORK / रफ़ कार्य के लिए स्थान

भारत में कृषि आधारित अर्थव्यवस्था
लगभग 80% आबादी ग्रामीण

PLFS के अनुसार
ग्रामीण बेरोजगारी 5.4%

स्थिति
आंकड़े
योजना

कृषि स्थिति
→ सिंचाई → 70% मौसम जल से
बाढ़ सींचाई
उत्तर पश्चिम में नलकूप
सूज
→ बीज 0.39 है
→ सीमांत किसानो की अधिकता
→ जोतों का आकार
→ चकबंदी परिवारिक व्यवस्था
→ यंत्रीकरण का अभाव 40%

मृदा उर्वरता

अगला जेती आगे

योजना को लिए

आंकड़े
→ 1966-67 में हरित क्रांति
→ कृषि में पशुपालन व मत्स्यपालन (2% GDP)
→ तरीय कृषि का विकास
→ एक्वापोनिक्स
→ हीम कोल्ड स्टोरेज सुविधा
→ कीटनाशक, जैविक कृषि

सुदृढ़ता
कुटीर उद्योग
खाद्य प्रसंस्करण
निर्यातोन्मुखी कृषि
बिहार में नकदी फसल को बढ़ावा
प्रशिक्षण

योजना

Sudha Raj, Rank 143 (69th BPSC) Essay

Examdhara®
BPSC | BSSC | BPSSC | CSBC

For More Study Material Please Visit www.examdhara.com

(5)



SPACE FOR ROUGH WORK / रफ़ कार्य के लिए स्थान

- स्त्री पैदा नहीं – सीमोन दी बिउवार
- समाज की प्रगति – डॉ. बी. आर. अम्बेडकर
- पढ़िए गीता बनिए सीता
- क्या पता है तुमने स्त्री के मन की तन के इतिहास की गांठें खोलकर?

अगर नहीं तो जानते क्या हो तुम सिवाए रसोई और बिस्तर के गणित से परे स्त्री को।

(1) महिला सशक्तिकरण का अर्थ।
- व्यक्तिगत स्वतंत्रता
- निर्णय निर्माण लेने की क्षमता
- स्टार्ट अप में भागीदारी : आर्थिक व सामाजिक सशक्तिकरण के साथ-साथ राजनीतिक

(2) राजनीतिक सशक्तिकरण से आशय –
नीति निर्माण में भागीदारी
स्थानीय शासन
लोकसभा, विधानसभा

(3) स्थानीय स्वशासन में स्थिति
→ आरक्षण 33%
→ बिहार पंचायत अधि० 2006 50%
→ लैंगिक अंतराल के अनुसार 44.4% 2023

(4) लोकसभा / संसद में महिला 15%
भारत में श्रीलंका, पाकिस्तान नेपाल से पीछे
विधानसभा में 9% मिजोरम में एक भी नहीं

(5) यद्यपि प्रयास जारी हैं,
राज्यसभा में महिला उपसभापति पैनल → अधिनियम पारित करना नारी
स्टार्टअप में 47% → राजनीति हिस्से 25% GGGR 2023

6 निष्कर्ष – महिलाओं की सशक्त प्रगतिशीलता पुरुषों में आधुनिकता व प्रगतिशीलता का परिचायक है।

नारी
नारी
गीता मुखर्जी

★★★

24DK—00

Sudha Raj, Rank 143 (69th BPSC) Essay

Examdhara
BPSC | BSSC | BPSSC | CSBC

For More Study Material Please Visit www.examdhara.com